
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 13 मई

1. **रोनाल्ड रॉस का जन्म–** मलेरिया पर अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक रोनाल्ड रॉस जन्म 13 मई, 1857 ई. को उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा में हुआ था। उन्होंने अपने रिसर्च में पाया कि मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है। इस अविष्कार के लिए उन्हें वर्ष 1902 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
   - **संदर्भः 'पर्यावरण और हम भाग 3' के अध्याय 8 'रॉस की जंग मलेरिया के संग'**

2. **भारत के प्रथम मुस्लिम राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण–** 13 मई, 1969 को डॉ. ज़ाकिर हुसैन भारत के तीसरे राष्ट्रपति बने थे। डॉ. ज़ाकिर हुसैन भारत के प्रथम मुस्लिम राष्ट्रपति थे तथा वे पहले राष्ट्रपति थे जिनकी मृत्यु इस पद पर रहते हुए हुई थी। इसके अलावा 13 मई, 1962ई. को ही भारत के राष्ट्रपति बनने वाले डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन दूसरे व्यक्ति थे। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉ. ज़ाकिर हुसैन दोनों ही भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए। 13 मई, 1952 ई. को स्वतंत्र भारत की पहली संसद का सत्र शुरू हुआ था।

मच्छरों से फैलने वाली घातक बीमारी मलेरिया की खोज करने वाले, नोबल पुरस्कार विजेता

## डॉ. रोनाल्ड रॉस

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 13 मई 1857- मृत्यु - 16 सितंबर 1932



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

/teachersofbihar

M o n d a y

Madhu priya

मधु प्रिया

# रोनाल्ड रॉस का जन्म 13 मई



रोनाल्ड रॉस का जन्म **13** मई, **1857** में भारत के उत्तराखण्ड राज्य के कुमांऊँ क्षेत्र के अल्मोड़ा जिले के एक गाँव में हुआ था। भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम **(1857)** के दौरान कई अंग्रेजी शासक मैदानी इलाकों से जान बचाने के लिये कुमांऊँ की पहाड़ियों की ओर चले गये थे। इसी कालचक्र के बीच रोनाल्ड रॉस के पिता सर कैम्पबैल क्लेब्रान्ट रॉस अपनी पत्नी मलिदा चारलोटे एल्डरटन के साथ अल्मोड़ा पहुँच गये थे, इस प्रवास के बीच उनकी पत्नी मलिदा चारलोटे एल्डरटन ने यहाँ पर एक शिशु को जन्म दिया जिसका नाम रोनाल्ड रॉस पड़ा।रोनाल्ड रॉस एक ब्रिटिश नोबेल पुरस्कार विजेता थे। उनका जन्म भारत के उत्तराखण्ड राज्य के कुमांऊँ के अल्मोड़ा जिले के एक गाँव में हुआ था। उन्हें चिकित्सा तथा मलेरिया के परजीवी प्लास्मोडियम के जीवन चक्र के अन्वेषण के लिये सन् **1902** में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था।

रोनाल्ड रॉस ने मच्छरों के जठरांत्र सम्बन्धी क्षेत्र में मलेरिया परजीवी, उनकी खोज तथा मलेरिया मच्छरों द्वारा प्रेषित अन्वेषण किया।और मलेरिया रोग का मुकाबला करने के लिए नींव रखी। पच्चीस साल तक भारतीय चिकित्सा सेवा के दोरान अपनी कर्तव्यपरायणता का बखूबी निर्वहन के पश्चात सेवा से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद इंगलैंड के ट्रॉपिकल मेडिसिन के लिवरपूल स्कूल के संकाय में शामिल हुए और दस  साल तक उन्होंने संस्थान के ट्रॉपिकल मेडिसिन के प्रोफेसर और अध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन किया। सन् **1926** में उनके योगदान तथा उपलब्धियों के सम्मान में रॉस संस्थान और अस्पताल स्थापित किया गया था, जो उष्णकटिबंधीय रोगों के निदान का अस्पताल तथा संस्थान के रूप में स्थापित हुआ था। **16** सितम्बर, **1932** को डा० रोनाल्ड रॉस यहीं पर अपनी अन्तिम साँस लेने के पश्चात दुनियाँ को जीवन-रक्षक औषधि प्रदान कर हमेशा के लिए विदा हो गये थे।

# जयंती विशेष 13 मई

राकेश कुमार




**फ़ख़रुद्दीन अली अहमद** (13 मई 1905 - 11 फरवरी 1977) भारत के पांचवे राष्ट्रपति थे। 1925 में नेहरू से इंग्लैन्ड में मुलाकात के बाद वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। वे 24 अगस्त 1974 से लेकर 11 फरवरी 1977 तक राष्ट्रपति रहे।

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 13.05.2024

## व्याख्यान विधि

यह शिक्षण की एक विधि है जिसके द्वारा शिक्षक छात्रों को समझने में मदद करने के लिए तथ्यों, सिद्धांतों या संबंधों को समझाने का प्रयास करता है। शिक्षक एक सक्रिय भागीदार है, छात्र निष्क्रिय श्रोता हैं। वर्ग तथ्यों को याद करता है, लिखता है और याद रखने और बाद में उन्हें सोचने के लिए विचारों को नोट करता है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
नासा जल्द ही चांद पर रेलवे स्टेशन बनाने जा रही है।
इतना ही नहीं इन स्टेशनों पर ट्रेनें भी चलेंगी, जो की
साल 2030 के बाद बनकर तैयार हो जाएगा।
www.teachersofbihar.org

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## शारीरिक शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा हेतु

## 100 प्रश्नों की शृंखला

10.05.2024 से शुरू

टीचर्स ऑफ बिहार का एक प्रयास अपने शिक्षकों के लिए

31. सचिन तेंदुलकर का वन-डे क्रिकेट में कितने रनों, शतकों व अर्धशतकों का विश्व रिकार्ड हैं? – 18,426 रनों, 49 शतकों व 96 अर्धशतकों
32. 'डिएगो माराडोना' किस खेल से सम्बंधित खिलाड़ी हैं ? – फुटबॉल से (अर्जेन्टीना)
33. 'क्रिस्टियानो रोनाल्डो' किस देश के फुटबॉल खिलाड़ी हैं? – अर्जेंटीना के
34. 'लियोनेल मेस्सी' किस देश के फुटबाल खिलाड़ी हैं? – अर्जेन्टीना के
35. विश्व के किस फुटबाल खिलाड़ी को 'ब्लैक पर्ल' के नाम से भी जाना जाता है – पेले
36. 'आयरन' शब्द किस खेल से संबंधित है? – गोल्फ से (गोल्फ खेल से संबंधित अन्य शब्द हैं – वेस्ट-बॉल फोरसम, बोगी, बंकर, कैडी, डॉमी, फेयरवे, फोरबॉल, फोरसम, ग्रीड होल्स, लिंक्स, निब्लिक, पार, पुट, रफ, स्टाइमीड टी, थ्रीसम)
37. गोल्फ का खेल मैदान क्या कहलाता है? – कोर्स
38. गोल्फ छेद (hole) का व्यास कितना होता है? – 4.50 इंच
39. चिरंजीवी मिल्खा सिंह किस खेल से संबंध खिलाड़ी हैं? – गोल्फ से
40. टाइगर वुड्स किस देश के गोल्फ खिलाड़ी हैं ? – USA के

योग नाम समाधि का है- महर्षि वेदव्यास

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 385

## "वेदों की ओर लौटो" का नारा किसने दिया?

A. स्वामी विवेकानंद

B. स्वामी दयानंद सरस्वती

C. विनोबा भावे

D. राजा राममोहन राय



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: B

# TOB बूझो तो जानें..

401

मध्य प्रदेश में कुम्भ का मेला कहा लगता है ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महान स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रभक्ति व शालीनता के
प्रतीक, देश के 5वें राष्ट्रपति
फकरुद्दीन अली अहमद
की जयंती पर सादर नमन।
जन्म- 13 मई 1905 - मृत्यु- 11 फरवरी 1977
Madhu priya
/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



मच्छरों से फैलने वाली घातक बीमारी मलेरिया की खोज करने वाले, नोबल पुरस्कार विजेता

# डॉ. रोनाल्ड रॉस


की  जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 13 मई 1857- मृत्यु - 16 सितंबर 1932

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



"पद्म विभूषण" से सम्मानित अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध
भारतीय उपन्यासकार

# आर.के नारायण

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 10 अक्टूबर 19060 - मृत्यु- 13 मई 2001

Madhu priya

/teachersofbihar

13 मई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दया मनुष्य का स्वाभाविक गुण है।

**प्रेमचंद**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org